NP – 066

III Semester B.A./B.F.A./B.S.W./B.V.A. Examination, March/April 2023
(NEP) (2022 – 2023 and Onwards) (Freshers)
HINDI
Nibandh Sangraha – Shreshtha Nibandh Aur Anuvad Kala

Time : 2½ Hours   Max. Marks : 60

I. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **एक** शब्द या वाक्य में लिखि **(10×1=10)**

1) स्वर्ग के देवगण किस भूमि को कर्मभूमि मानकर वहाँ जन्म लेना चाहते है ?

2) हिंदू देवताओं में आदि देव एकदंत किसे माना गया है ?

3) यदि शरीर का खाद्य भोजनीय पदार्थ है तो मस्तिष्क के खाद्य को क्या कहा जा सकता है ?

4) क्रोध को किस प्रकार का विकार माना गया है ?

5) आचरण का विकास जीवन के लिए क्या बन जाता है ?

6) साहित्य के साथ जीवन का संबंध स्थापित करने का आग्रह यूरोप में किस राज्य क्रान्ति के उपरांत किया गया ?

7) आचार्य ने शिष्टजनानुमोदित सज्जा, जो पेड़ की शोभा से प्रभावित रहा है उसे क्या नाम दिया था ?

8) शिवपूजनजी ने साहित्य की एक टिप्पणी में किस साहित्यकार को ऊँचे दर्जे का कलाकार बताया था ?

9) 'जमुना के तीरे–तीरे' निंबंध पाठ के लेखक का नाम बताइए ?

10) कौन सा स्वार्थी राजा पुत्र की जवानी लेकर युवा बन गया था ?

II. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए। **(2×7=14)**

1) "न मैं किसी गिरजे में जाता हूँ न ही किसी मंदिर में, न मैं नमाज पढ़ता हूँ और न रोजा रखता हूँ न संध्या ही करता हूँ और न कोई देवपूजा ही करता हूँ, न किसी आचार्य के नाम का मुझे पता और न ही किसी के आगे मैंने सिर ही झुकाया है।"

2) "क्रोध सब मनोविकारों से फुर्तीला है, अवसर पड़ने पर यह और दूसरे मनोविकार का भी साथ देकर उनकी तुष्टि का साधक होता है।"

3) "मैं वास्तव में दुःखी हूँ सिर पर सफेद कफन बुना जा रहा है, आज पहला तार डाला गया है। उम्र बुनती जाएगी इसे और, और यह यौवन की लाश को ढँक लेगा।"

III. निम्नलिखित में से किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए। **(1×16=16)**

1) 'साहित्यकार को जीवन के संबंध में स्वतंत्र विचार रखने का पूर्ण अधिकार मिलना चाहिए।' साहित्य और जीवन निबंध पाठ के आधार पर उसकी पुष्टि कीजिए।

अथवा

2) पुराना मनुष्य मिथकीय युग में रहता था, जहाँ वह भाषा के माध्यम को अपूर्ण समझता था, देवदारू निबंध पाठ के आधार पर तर्कपूर्ण तथ्य का विश्लेषण कीजिए।

IV. किसी **एक** पर टिप्पणी लिखिए **(1×5=5)**

1) साहित्य की महत्ता।

2) गेहूँ बनाम गुलाब।

V. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **(3×5=15)**

1) अनुवाद की परिभाषा लिखकर उसके प्रकार एवं स्वरूप को लिखिए।

2) अनुवाद के महत्व पर प्रकाश डालिए।

3) अच्छे अनुवादक के गुणों को लिखिए।

4) अनुवाद की क्या-क्या समस्याएँ है ? स्पष्ट कीजिए।